कार्यालय प्राचार्य,शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय कोरबा
जिला–कोरबा(छ0ग0)
मो.नं.–94255–47200, ई–मेल:gevpg1981@gmail.com,
वेबसाईट– www.gevpgkrb.ac.in, AISHE Code- C-22398

पत्र क्रमांक / 1921 / स्था. / 2021 / कोरबा, दिनांक 28/12/2021

!! अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन !!

अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के पत्र कमांक 724 / 126 / आउशि / राज.स्था / 2021 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 18.10.2021 के अनुसार प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के रिक्त पद के विरूद्ध निम्न विषय में अतिथि व्याख्याता की अध्यापन व्यवस्था हेतु आवेदन पत्र दिनांक 31.12.2021 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन केवल डाक द्वारा अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) ही मान्य होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

योग्यताः– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा निर्धारित मापदण्ड।

कमांक	विषय	पद संख्या
01	गृह विज्ञान	01

टीपः–

01) दिनांक 31.12.2021 तक कार्यालयीन समय डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा।

02) अतिथि व्याख्याताओं की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

03) प्रति व्याख्यान 200/– रू. (अधिकतम 800.00 आठ सौ रू. प्रतिदिन) की दर से मानदेय होगा। जो प्रतिमाह 20800.00 (बीस हजार आठ सौ) से अधिक नहीं होगा। प्रति व्याख्यान 40/45 मिनट ऑनलाईन/ ऑफलाईन के अध्यापन किया जावेगा।

04) इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं हे। साथ ही किसी अन्य शासकीय/अर्धशासकीय सेवा में नहीं है।

05) ईमेल /ऑनलाईन आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।

06) प्राप्त आवेदनों की अनंतिम चयन सूची का प्रकाशन तिथि 01.01.2022 होगी।

07) गुणानुक्रम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 03.01.2022 होगी।

08) अंतिम चयन सूची का प्रकाशन दिनांक 04.01.2022 को महाविद्यालय की वेवसाईट **www.gevpgkrb.ac.in** में अवलोकन किया जा सकता है।

(डॉ. आर. के. सक्सेना)
प्राचार्य,
शासकीय इं.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोरबा (छ.ग.)